# कार्यालय, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्रारं/शैक्षिक/ए/3584/स्वास्थ्य संबधी/2018/133 दिनांकः 05.08.2023

**समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवंपदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा**
**समस्त पीईईओ/यूसीईईओ**
**समस्त संस्था–प्रधान**

विषयः सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं प्रबन्धन के लिए दिनांक 28.07.2023 को हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में।

प्रसंगः शासन उप सचिव शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग जयपुर का पत्रांकः पं.24(44)शिक्षा–6/2018 जयपुर दिनांक 02.08.2023 एवं दिनांक 28.07.2023 को आयोज्य बैठक का कार्यवाही विवरण।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि दिनांक 28.07.2023 को मुख्य सचिव महोदया की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिक्षा विभाग से विशिष्ट शासन सचिव महोदया द्वारा भाग लिया गया। उक्त बैठक में मुख्य सचिव द्वारा सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के 03 चरण दिनांक 07–12 अगस्त, 11–16 सितम्बर एवं 09–14 अक्टुबर के सफल क्रियान्वयन हेतु शिक्षा विभाग को प्रार्थना सभा, बाल सभा एवं अध्यापक–अभिभावक बैठक के माध्यम से सकारात्मक वातावरण तैयार करने एवं प्रचार–प्रसार करने के निर्देश प्रदान किये गये है।

इस क्रम में सघन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के लक्ष्यों की शत–प्रतिशत प्राप्ति हेतु निम्न कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे

1. सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान के तीनों चरणों के आयोजन की दिनांक से प्रार्थना सभा, अभिभावक बैठक, विद्यालय प्रबंध समिति की बैठकों के माध्यम से अवगत करवाना।
2. 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण करवाने हेतु अभिभावकों को प्रेरित करना।
3. टीकाकरण के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करते हुए व्यापक प्रचार–प्रसार।

अतः सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के 03 चरणों के सफल क्रियान्वयन हेतु अपने अधीनस्थ कार्यालय/विद्यालयों को पाबन्द करते हुए, **की गई कार्यवाही से इस विभाग को संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, कार्यालय के माध्यम से अवगत करावें।**

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

(काना राम)
I.A.S.
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा विभाग एवं
पंचायती राज (प्राशि) विभाग,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. मिशन निदेशक, एनएचएम, राजस्थान, जयपुर।
4. शासन उप सचिव शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. उप निदेशक (माध्यमिक), माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
6. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर समस्त संस्थाप्रधानों को ई–मेल प्रेषित करवाने बाबत्।
7. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा विभाग एवं
पंचायती राज (प्राशि) विभाग,
राजस्थान, बीकानेर

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation: Director
Date: 2023.08.05 17:50:09 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4458382